# संभागीय आयुक्त ने ग्राम पंचायत सालाबाद व नगला बीजा में की जनसुनवाई

भरतपुर ( निस )। सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को त्रि-स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति बयाना की ग्राम पंचायत सालाबाद एवं पंचायत समिति उच्चौन की ग्राम पंचायत नगला बीजा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई जिसमें संभागीय आयुक्त ने मौके पर ही नियमानुसार समस्याओं के निराकरण के निर्देश प्रदान किये। संभागीय आयुक्त ने जनसुनवाई में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार की मंशा स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण करने की है जिससे आमजन को तहसील अथवा जिला कार्यालय पर नहीं जाना पडे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करते हुये समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करना है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला अथवा ब्लॉक स्तर की समस्याओं को पंजीयन कर संबंधित विभागों के माध्यम से समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनसुनवाई में आये प्रत्येक नागरिक से रूबरू होकर उनके परिवादों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से मौके पर ही समाधान कराया। संभागीय आयुक्त ने आमजन की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनते हुए परिवादियों के बैंक, पट्टे, राशन, सड़क, पेयजल कनेक्शन, पेंशन, अतिक्रमण, पुलिस, चिकित्सा व्यवस्था, लंबित भुगतान, जलभराव, विद्युत, सीमाज्ञान सहित अन्य समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में आने वाले आमजन को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो और उनकी समस्याओं का समुचित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा की सभी अधिकारी अपने कार्यालय में भी निर्धारित समयावधि में परिवादी की समस्याओं को सुने और अपने कार्यालयों के बाहर जनसुनवाई का समय चस्पा करें। ग्राम पंचायत सालाबाद में जनसुनवाई के दौरान नवीन आंगनबाडी भवन निर्माण करवाने, अवैध खनन कार्य बंद करवाने, शमशान हेतु भूमि आंवटन करवाने, आम रास्ते की समस्याओं से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए। उपखण्ड अधिकारी बयाना राजीव शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत सालाबाद में जनसुनवाई के दौरान 47 प्रकरण प्राप्त हुए।

■ ग्राम पंचायत सालाबाद में जनसुनवाई के दौरान नवीन आंगनबाडी भवन निर्माण करवाने, अवैध खनन कार्य बंद करवाने, शमशान हेतु भूमि आंवटन करवाने, संबंधित परिवाद प्राप्त हुए।



पंचायत समिति बयाना की ग्राम पंचायत सालाबाद एवं पंचायत समिति उच्चौन की ग्राम पंचायत नगला बीजा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

इस दौरान तहसीलदार बयाना विनोद मीना, विकास अधिकारी नरेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी दीपक, अधिशाषी अभियंता जेवीवीएनएल विवेक शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। उपखण्ड अधिकारी उच्चौन विष्णु बंसल ने बताया कि ग्राम पंचायत नगला बीजा में जनसुनवाई के दौरान 25 प्रकरण प्राप्त हुए। इस दौरान जिला स्तरीय, उपखण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पशु गणना का प्रशिक्षण दिया

भरतपुर ( निस )। 21 वीं अखिल भारतीय पशु गणना 2024 को लेकर पशु गणना प्रगण्कों एवं सुपरवाईजर को कार्यालय संयुक्त निदेषक पशु पालन विभाग भरतपुर में प्रषिक्षण दिया गया। पशु गणना के जिला नोडल अधिकारी डा0 रामकिषन महावर उपनिदेषक पशुपालन ने बताया कि पशु गणना भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जो संपूर्ण भारत वर्ष में कराई जा रही है। भरतपुर जिले में एक जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसके अन्तर्गत गणना प्रगणंक एवं सुपरवाईजर इस कार्य को पूर्ण करेंगें। जिसमें प्रगंणक पशुपालक के घर-घर जाकर प्रत्येक पशु का डाटा, पशु गणना ऐप के माध्यम से पशुओं की गणना कर, गणना डाटा को सुपरवाईजर को भेजेगें, सुपरवाईजर डाटा की जांच के पश्चात जिला नोडल अधिकारी को और जिला नोडल अधिकारी राज्य स्तर पर भेज दी जायेगी।

प्रशिक्षण के समापन पर संयुक्त निदेषक डॉ खुशीराम मीना ने बताया कि केन्द्र सरकार इस पशु गणना के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी गणना प्रगणंक एवं सुपरवाईजर को संवेदनशीलता, सुक्षमता, समयबद्व एवं पारदर्षी तरीके से कार्य कराया जाना आवष्यक है। इसके उद्वेष्य पशुधन की संख्या, प्रजाति एवं नस्ल के सभी आंकडे, एकत्रित करना है। डीग जिले में 87 कर्मचारियों को एवं भरतपुर जिले में 130 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## सार-समाचार

### जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



जमीन आवंटन के लिए जिला कलेक्टर से मिलने जाते गाडिया लुहार।

गंगापुर सिटी। घुमंतू गाडिया लुहारों ने उन्हें रहने के लिए जमीन आवंटित नहीं करने का आरोप लगाया है। कलेक्टर को अपनी समस्याएं बताकर उन्होंने जल्द जमीन आवंटित करने की गुहार लगाई है। घुमंतू जाति गाडिया लुहार के विजेन्द्र, विष्णु, नहनी बाई, कुलदीप, राजेश, मुंशी आदि ने बताया कि वे घुमंतू गाडयि लुहार जाति से है और वर्तमान में गंगापुर सिटी जिले के बडौली ग्रिड के पास खुले आसमान में तंबू लगाकर रह रहे है। उन्होंने बताया कि सरकार ने घुमंतू जाति के लोगों को जमीन आवंटित करने के आदेश जारी कर रखे है, लेकिन प्रशासन के द्वारा उन्हें जमीन का आवंटन नहीं किया जा रहा है। कई बार उन्होंने प्रशासन से जमीन आवंटित करने की मांग की ताकि वे वहां अपना आवास बना सकें और रह सकें। वर्तमान में बारिश दौर चल रहा है और अधिक बारिश के कारण जगह-जगह पानी भरा है। तंबुओं में भी पानी भर गया है, रहना मुश्किल हो गया है, बच्चे परेशान है। पिछले कई सालों से वे ज्ञापन देकर जमीन आवंटित करने की मांग कर रहे है लेकिन न तो जमीन आवंटित हो रही है और न ही आवास बन रहा है। जबकि सरकार पीएम आवास के तहत गरीबों को निःशुल्क आवास का दावा कर रही है। उन्होंने कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी से सरकार के आदेश के तहत उन्हें जमीन आवंटित कर आवास उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

### जनसुनवाई का आयोजन

करौली ( नि.स. )। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने गुरूवार को पंचायत समिति हिण्डौन की ग्राम पंचायत फुलवाडा मे आयोजित जनसुनवाई मे आमजन की समस्याऐं सुनी और मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को शीघ्र ही निस्तारण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान एनएफएसए में नाम जुडवाने, बरसात के मौसम के दौरान रास्तों में से कीचड की सफाई करवाने, पेंशन, पीएम आवास योजना मे नाम जुडवाने, फसल खराबा का मुआवजा दिलवाने, विद्युत, चिकित्सा सहित कुल 78 परिवाद प्राप्त हुए जिन्हें संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस दौरान उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर , विकास अधिकारी ऋषिराज मीणा सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत सनेंट का भी निरीक्षण किया एवं लगाये गये पौधों की देखभाल करने, वर्षा के मौसम को देखते हुए फॉगिंग करवाने, साफ-सफाई करवाने सहित अन्य आवश्यक दिशा- निर्देश दिये।

### टंकण परीक्षा आवेदन 18 सितम्बर तक

करौली ( नि.स. )। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने बताया है कि अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों, जिनकी नियुक्ति हुए 03 वर्ष से अधिक नहीं हुए है, उनकी नियमित कम्प्यूटर टंकण परीक्षा कार्यालय जिला कलक्टर, करौली द्वारा माह सितम्बर-अक्टुबर 2024 में आयोजित करवाया जाना प्रस्तावित है जिसके आवेदन पत्र दिनांक 18 सितम्बर तक आमंत्रित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी आवेदन पत्र जिले की वेवसाईट से डाउनलोड कर 18 सितम्बर तक भरकर कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से निम्न आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिनमें, नियुक्ति आदेश की सत्यापित प्रति, सेवापुस्तिका के प्रथम पृष्ठ एवं उपस्थिति रिपोर्ट की सत्यापित प्रति, जिला कलेक्टर, करौली के नाम 500 रुपये शुल्क कर बैंक ड्राफ्ट, कार्यालयाध्यक्ष द्वारा जारी कार्मिक का पहचान पत्र मय एमप्लॉय आईडी तथा आधार कार्ड इस कार्यालय में जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें।

### कलेक्टर के नाम एडीएम को दिया ज्ञापन

हिण्डौन सिटी । जिला मुख्यालय करौली और जिले के सबसे बड़े उपखंड हिंडौन सहित जिले में संचालित अवैध बूचड़खानों पर रोक लगाने और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर धार्मिक स्थलों के निर्माण के विरोध में ज्ञापन सौंपा है। एडीएम को ज्ञापन सौंप कर करौली, हिंडौन सहित जिले में संचालित अवैध बूचड़खानों को बंद कराने और अतिक्रमण कर बनाए जा रहे अवैध धार्मिक स्थलों के निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।इस दौरान आरटीआई कार्यकर्ता अशोक पाठक ने एक प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया कि नगर परिषद और प्रशासन से परमिशन लेकर तय मापदंड के अनुसार जिले में एक भी स्लाटर हाउस या बूचड़खाने की स्वीकृति नहीं है, जबकि करौली और हिंडौन में बड़ी संख्या में अवैध बूचड़खाने संचालित हैं। जिसके चलते आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि आबादी क्षेत्र में संचालित अवैध बूचड़खानों से गंदगी के साथ ही कई गंभीर बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना रहता है। मामले को लेकर एडीएम से कार्रवाई की मांग की है। एडीएम ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को मामले की जांचकराने और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## नि:शब्द विद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

करौली ( नि.स. )। संस्था के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की नि:शब्द मूक बधिर विद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी प्रवीर देव महाराज पतंजलि योग पीठ करौली एवं शंकर लाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करौली ने माँ सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णनजी के चित्र पट्ट पर माल्यार्पण कर की कार्यक्रम के दौरान स्वामी प्रवीर देव ने गुरु के महत्त्व बताते हुए कहा की गुरु के बिना जीवन मे आगे बढ़ना और अनुशासित रहना सम्भव नही हैं जब भी कोई कार्यक्रम में आता हूँ बच्चो के लिए नई सुविधा नजर आती हैं आप अच्छे से मेहनत करें शिक्षको का सम्मान करते हुए आगे बढे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल ने कहा की बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर नही लगता की सामान्य बच्चो से कम है हम भी जब अपने गुरुओं को आज याद करते है तो उनको गर्व की अनुभूति होती है की हमार पढ़ाया हुआ बालक आज कितनी बड़ी जगह बैठा है आप सभी शिक्षक जिस लग्न और मेहनत से कार्य कर रहे उससे एक दिन बच्चे विद्यालय का नाम रोशन करेंगें पहली बार बच्चो से मिलकर बहुत अच्छा लगा आगे भी हर सम्भव सहयोग किया जाएगा कार्यक्रम के दौरान अतिथियो द्वारा सभी शिक्षको माला पहनाते हुए डायरी,पैन भेंट किये इस दौरान कॉलेज के कॉर्डिनेटर अमित सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्य स्नेहलता राजावत, अनुज प्रताप सिंह, हरिमोहन मीना, महेंद्र पाल, भावना शर्मा, प्रेमपाल, मलखान सहित संस्था के राजकुमार शर्मा सहित लगभग 270 बालक बालिकाएं मौजूद रहे।

## बाबा श्याम के जयकारे के साथ पदयात्री खाटूधाम हुए रवाना

गंगापुर सिटी । श्री श्याम प्रेम मंडल गंगापुर सिटी के तत्वाधान में खाटू नरेश की ध्वजा पदयात्रा गुरूवार को दोपहर 2 बजे गाजे बाजे के साथ बाबा श्याम, गणेशजी व हनुमान जी के पूजन के बाद कुशालगढ धाम से रवाना हुई। मंडल के महामंत्री गणेश सोनी ने बताया कि ध्वजा पदयात्रा बाबा के जयकारो के साथ कुशालगढ से नहर रोड, फब्बारा चौक होते हुए पंचायत समिति स्थित ममलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां पर अल्प विराम के बाद पदयात्री बैण्डबाजो की धून पर नाचते गाते पुरानी अनाज मण्डी, व्यापार मण्डल, देवी स्टोर, मुख्य बाजार, चौपड होते हुए खाटूश्याम के लिए रवाना हुई। इस दौरान बाबा के भक्त भजनो पर नाचते गाते चल रहे थे। इस दौरान सैकडो की संख्या में बाबा श्याम के भक्त मोजूद थे। पदयात्रियो का गोयल परिवार व्यपार मण्डल, श्री श्याम प्रेम मित्र मण्डल चौपड आदि पर पदयात्रियो पर पुष्प वर्षा कर व पेय पदार्थ पिलाकर स्वागत किया। पदयात्रा पिपलाई में रात को आराम करेगी। इसके बाद 6 सितंबर को सुबह का आराम मंडावरी के सुरतपुरा बंधा स्थित गणेश मंदिर, जबकि रात्री विश्राम डीडवाना के मनीष स्कूल में रहेगा। 7 सितंबर को सुबह का विश्राम बिदरख्या मोड पर और रात्री विश्राम तुंगा में रहेगा।



ध्वजा पदयात्रा में उमडा जनसमूह व सजा बाबा का रथ।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में पात्र लाभार्थीयों के लिए ऑनलाइन आवेदन

करौली ( नि.स. )। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा अनाथ कन्या, बीपीएल, स्टेट बीपीएल, अन्त्योदय एवं आस्थाकार्ड धारी परिवार,पालनहार योजना का लाभ प्राप्त परिवार,विधवा महिलाओं की विशेष योग्यजन व्यक्ति की पृथम दो कन्याओं, उत्कृष्ट महिला खिलाडी स्वयं का विवाह होने पर, स्वयं अथवा माता-पिता आयकर दाता नहीं हो नियमानुसार वैध विवाह पर कन्या की शैक्षिणक योग्यता अनुसार सहायता राशि प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का संचालन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले के समस्त पात्र आवेदकों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ लेने के संबंध में कन्या के विवाह की दिनांक से 6 माह की समय अवधि में ईमित्र के द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति,जनजाति वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के बीपीएल परिवारों की 18 वर्ष से अधिक आयु की अशिक्षित कन्या को 31000रूपये, 10वीं पास कन्या को 41000 रूपये, इसके अलावा स्नातक पास कन्या को 51000रू. राशि देय होगी।

अन्य सभी वर्गों के बीपीएल, स्टेट बीपीएल, अन्त्योदय एवं आस्थाकार्ड धारी परिवार पालनहार योजना का लाभ प्राप्त अनाथ विधवा महिलाओं की प्रथम दो कन्याओं उत्कृष्ट महिला खिलाडी के विवाह पर अशिक्षित कन्या को 21000रू.तथा 10वीं पास कन्या को 31000रू. इसके अलावा स्नातक पास कन्या को 41000रू. राशि देय होगी।

## भैरों बाबा का गंगा जल से किया अभिषेक

करौली ( नि.स. )। कोडर मोड़ के पास नाहरगढ के भैरों बाबा के मंदिर में पर श्रद्धालुओ द्वारा गंगा जी से लाए कावड के शुद्ध गंगा जल से भैरो बाबा का सामूहिक रूप से गुरुवार को अभिषेक किया।

कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और पूरे क्षेत्र को धर्म मय बना दिया मंदिर के महंत विश्राम भगत के सानिध्य में नाहरगढ से श्रद्धालुओ का जत्था गंगा जी से 4 दिन में कंधे पर कावड रख कर गंगा जल लाया जिसका सभी ग्रामीणों ने मंगल गीतों से स्वागत सम्मान किया और सभी ने जयकारों के साथ भैरो बाबा का अभिषेक किया।

## शाखा भुसावर ने किया शिक्षक सम्मान

भुसावर ( निस )। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से प्रार्थना स्थल पर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कस्बे के सरकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य रामफल मीना का सम्मान किया गया। शाखा कोषाध्यक्ष राजेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि शाखा की ओर से भारत विकास परिषद के संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत सचिव डा. विजय पहाडिया के नेतृत्व में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कस्बे के जगन्नाथ पहाडिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रामफल मीना का सम्मान किया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल व पदाधिकारियों ने प्रधानाचार्य मीना को साफा व माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मित्तल ने बताया कि शिक्षक हमारे जीवन को उच्चतम शिखर तक पहुंचाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है तथा प्रधानाचार्य मीना ने भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा का विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद की शिक्षक के प्रति सम्मान व आदर की मंशा शिक्षक के मनोबल को बढावा देती है और परिषद का यह कार्य सामाजिक सरोकार से जुडा कार्य है तथा भारत विकास परिषद इस प्रकार के नेक कार्य करता रहता है।

## करौली मे अवैध रूप से चल रहे हैं 50 से अधिक बूचड़खाने : अशोक पाठक

करौली( नि.स. )। करौली जिला मुख्यालय पर नगर परिषद और जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण चल रहे 50 से अधिक बूचड खानों को बंद कराने को लेकर प्रेस वार्ता की।

भाजपा नेता और आरटीआई कार्यकर्ता अशोक पाठक ने करौली के सिद्धि विनायक होटल में भाजपा पदाधिकारीयो के साथ प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि करौली जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन के अधिकारियों कि लापरवाही और अनदेखी के कारण करीब 50 से अधिक बूचड़खाने और कत्ल खाने अवैध रुप से चल रहे हैं जिनमे निर्मम रूप से पशुओं की हत्या कर उनके मांस को खुले आम बेचा जा रहा है उन्होंने अवैध बूचडखानों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि करौली शहर के होली खिड़किया से गणेश गेट वाले रास्ते पर छह मीट की अवैध दुकानें संचालित हो रही है इसके अलावा पावर हाउस के पास 6 दुकान, मेले गेट के बाहर एक दुकान,अंबेडकर सर्किल पर दो दुकान, बग्गी खाना के पास एक कत्ल खाना,शिकारगंज पर दो दुकान,शिव कॉलोनी में दो दुकान, मासलपुर गेट बाहर मस्जिद के पास भूत के बंध वाले रास्ते पर बूचड़खाना एवं दुकान, लाल बाजार ढोलीखार में पांच दुकान, नई सब्जी मंडी के पीछे एक दुकान, हिंडौन गेट के पास मस्जिद के समीप दो दुकान, भीम नगर की पुलिया के पास जाटव बस्ती में एक दुकान, केशवपुरा पुलिया के पास एक दुकान,वजीरपुर गेट पर एक दुकान, भगत ठेकेदार के पीछे मेड़की में दो दुकान, डीएफओ ऑफिस के सामने गंगापुर रोड करौली पर एक दुकान खुले आम संचालित हो रही है। जिसे जिला प्रशासन रोक नहीं पा रहा है उन्होंने कहा कि समय रहते जिला प्रशासन ने अगर कोई कार्यवाही नहीं कि तो जिला मुख्यालय पर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

■ करौली जिला मुख्यालय पर नगर परिषद और जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण चल रहे 50 से अधिक बूचड खानों को बंद कराने को लेकर प्रेस वार्ता की



करौली के एक होटल में अवैध बूचडखानो को लेकर प्रेस वार्ता करते भाजपा नेता अशोक पाठक बीच मे।

उन्होने बताया कि हिंडौन शहर में ईदगाह कॉलोनी में खसरा नंबर 5689 गैर मुमकिन रास्ता व 5683 राजकीय भूमि है जिन पर अवैध अतिक्रमण करके आदतन अपराधियों व एक मौलवी ने सैकड़ो बदमाशों को साथ लेकर अवैध मस्जिद का निर्माण कर रहे हैं।

जबकि नियम अनुसार जमीन खरीद कर नगर परिषद से निर्माण कि स्वीकृति लेकर एवं जिला कलेक्टर कार्यालय से मंजूरी के उपरांत ही धर्म स्थल का निर्माण किया जा सकता है इसे तत्काल रूकवाने व राजकीय भूमि एवं गैर मुमकिन राजकीय भूमि से तुरंत अतिक्रमण हटाने सहित अवैध मस्जिद के निर्माण पर रोक लगाने के साथ-साथ करौली के चटीकना मोहल्ले में भी किंदुरी बाबा कि गली में राजकीय भूमि पर अवैध मस्जिद का निर्माण हो रहा है।

उन्होंने बताया करौली में भगवान मदन मोहन जी का तीर्थ स्थान है और सारी मीट की दुकान मदन मोहन जी की परिक्रमा के मार्ग में खुली हुई है जिससे पूरे जिले के सभी धर्मावलंबियों कि आस्था को आघात पहुंच रहा है।

उन्होंने बताया कि बूचडखानों के संचालकों एवं कत्ल खानों के संचालकों के पास जानवरों कि हत्या करने का लाइसेंस नहीं है अवैध रूप से बूचडखाना चलाने पर भारतीय दंड संहिता कि धारा के तहत 5 वर्ष का कठोर कारावास कि सजा के अपराध में उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सैनी, भाजपा नेता गजेंद्र भारद्वाज, के के मित्तल, मुकेश सोनी सहित कई कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## एलआईसी की मनाई 68 वीं वर्षगांठ

करौली ( नि.स. )। भारतीय जीवन बीमा निगम करौली में 68 वी वर्षगांठ मनाई गई इस दौरान दीप प्रज्वलित कर समस्त स्टाफ एवं समस्त अभिकर्ताओ को कर्तव्य और निष्ठा पूर्वक काम करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सहायक मंडल प्रबंधक शिव सिंह मीणा ने एलआईसी के प्लानो के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आज एलआईसी भारत में ही नही पूरे विश्व में सबसे अच्छा वित्तीय संस्थान है शाखा प्रबंधक बाबूलाल बैरवा द्वारा ग्राहकों और बुजुर्ग कर्मचारियों और अभिकर्ताओं को भी सम्मान दिया गया।

इस अवसर पर शाखा में अच्छा काम करने पर अभीकर्ता भूरसिंह चैधरी को माला,साफा और गिफ्ट भेंट कर सम्मान किया गया भूरसिंह चैधरी ने कहा की ऐसा कोई काम नहीं है जिसको मन में उठा ले वह करके रहे

इस अवसर पर सहायक प्रबंधक वेद प्रकाश मीणा, विकास अधिकारी बी के शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी रामरूप मीणा, शिवजी मीणा, बत्तीलाल, उच्च श्रेणी सहायक सुंदर सिंह खत्री, धर्मवीर, रिकॉर्ड लिपिक,मुन्ना हरिजन,गार्ड सहित सभी ने शपथ ली कि हम एलआईसी के लिए अच्छा कार्य करेंगे और एलआईसी को शिखर पर ले जाएंगे जहां पर करौली का नाम भी सुनहरे अक्षरों में लिखा जाए।

## भरतपुर संभाग के 11 किसानों को मिलेगा प्रशिक्षण

करौली ( नि.स. )। प्रदेश के 100 युवा एवं प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों के हित में निरंतर फैसले ले रही राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहले चरण में इन प्रगतिशील युवा किसानों को उन देशों में भेजा जाएगा जहां कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार किए जा रहे हैं एवं उच्च तकनीक के प्रयोग से कम जगह में अधिक फसल उत्पादित की जा रही है।

उद्यान विभाग के उपनिदेशक रामलाल जाट ने बताया कि नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम के तहत चयन के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं उनमें कृषक के पास कम से कम एक हेक्टेयर कृषि भूमि का भूस्वामित्व हो, पिछले 10 वर्षों से लगातार खेती कर रहा हो, कृषक द्वारा उच्च कृषि तकनीक जैसे संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, सौर ऊर्जा पंप, ड्रोन, फर्टिगेशन, ऑटोमेशन, फार्म पोंड, डिग्गी अपनाई जा रही हो आदि शामिल है।

उन्होंने बताया कि युवा कृषकों को अलग-अलग मापदंडों के लिए अंक दिए जाएंगे।

इनमें एक हैक्टेयर कृषि भूमि होने पर 5 अंक, 10 साल से खेती कर रहे कृषक को 10 अंक, कृषि में उच्च तकनीक के उपयोग के लिए 20 अंक, कृषि क्षेत्र में जिला एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त कृषक को 20 अंक, पंचायती राज संस्था, सहकारी संस्था, वाटर यूजर एसोसिएशन, कृषि मंडी आदि में पिछले 10 वर्षों में किसी पद पर रहने या एफपीओ सदस्य होने पर 15 अंक, 50 वर्ष से कम आयु होने पर 10 अंक, किसी तरह का आपराधिक प्रकरण नहीं होने पर 5 अंक, 10वीं उत्तीर्ण होने के 10 अंक एवं वैध पासपोर्ट होने पर 5 अंक मिलेंगे।

■ एक हैक्टेयर कृषि भूमि होने पर 5 अंक, 10 साल से खेती कर रहे कृषक को 10 अंक, कृषि में उच्च तकनीक के उपयोग के लिए 20 अंक मिलेगे

उननिदेशक ने बताया कि इसी प्रकार डेयरी क्षेत्र चयनित होने वाले युवा दुग्ध उत्पादक या पशुपालक के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं उनमें वास्तविक रूप से कम से कम 20 गाय-भैंस की डेयरी या 10 ऊँट या 50 भेड़-बकरी का स्वामित्व रखता हो, पिछले 10 वर्षों से डेयरी या पशुपालन पेशे से जुड़ा हो, उच्च पशुपालन या डेयरी तकनीक उपयोग करता हो डेयरी क्षेत्र में जिला या राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया हो तथा जिसकी अपने क्षेत्र में प्रगतिशील पशुपालक के रूप में पहचान हो।

उन्होंने बताया किउपरोक्त मापदंडों को पूरा करने वाले युवा प्रगतिशील कृषक अपने नजदीकी ई-मित्र केन्द्र के माध्यम से राजकिसान साथी पोर्टल पर 10 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए युवा कृषक कृषि, उद्यान अथवा पशुपालन विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

उपनिदेशक ने बताया कि नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम के तहत पहले चरण में चयनित 100 युवा किसानों में से 80 कृषि क्षेत्र तथा 20 डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र से होंगे।

कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने वाले कृषकों की उम्र 50 वर्ष से कम जबकि डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए 45 वर्ष से कम होना आवश्यक है।

साथ ही वैध पासपोर्ट होना भी आवश्यक है। नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम अन्तर्गत भरतपुर संभाग से 10 प्रगतिशील युवा कृषि एवं 1 युवा का चयन डेयरी क्षेत्र से किया जाएगा।